हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

आवश्यक सूचना

विषयः– सैकेण्ड़री / सीनियर सैकेण्ड़री (शैक्षिक / ओपन) नियमित / स्वंयपाठी वार्षिक परीक्षा अप्रैल–2021 के आयोजन / संचालन के संदर्भ में।

उपरोक्त विषय के संदर्भ में राज्य में कोविड–19 की महामारी के बढते संक्रमण की रोकथाम के मध्यनजर तथा विधार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुये बदलते परिवेश में राज्य सरकार द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैः–

1. सैकेण्डरी (माध्यमिक) वार्षिक परीक्षा (नियमित) अप्रैल–2021 के आयोजन / संचालन एवं परिणाम जारी करने बारेः–

   22 अप्रैल, 2021 से प्रस्तावित सैकेण्डरी (नियमित) परीक्षा को निरस्त किया जाता है तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की भॉति मापदण्ड़ों को अपनाते हुये परीक्षा परिणाम तैयार करके विधार्थियों को अंक देते हुये वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।

2. सीनियर सैकेण्डरी (वरिष्ठ माध्यमिक) वार्षिक परीक्षा (नियमित) अप्रैल–2021 अयोजन / संचालन के संदर्भ में:–

   20 अप्रैल, 2021 से प्रस्तावित सीनियर सैकेण्डरी (नियमित) परीक्षा को स्थगित किया जाता है 01 जून, 2021 की स्थिति का अवलोकन करते हुए परीक्षाओं का आयोजन करवाने बारे निर्णय लिया जायेगा। विधार्थियों को कम से कम 15 दिन का नोटिस देते हुए डेटशीट जारी की जायेगी।

3. सैकेण्डरी / सीनियर सैकेण्डरी (ओपन स्कूल) एवं स्वंयपाठी (कम्पार्टमैन्ट / अंक सुधार / अतिरिक्त विषय) वार्षिक परीक्षा अप्रैल–2021 की प्रस्तावित परीक्षा को स्थगित किया जाता है तथा 01 जून, 2021 की स्थिति का अवलोकन करते हुए परीक्षाओं का आयोजन / संचालन करवाने बारे निर्णय लिया जायेगा।

23/4/2021

उप–सचिव
(परीक्षा संचालन)